दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 28 सितंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 03

# दिल्ली, यूपी और पंजाब समेत कई राज्यों में यातायात प्रभावित, कोलकाता में प्रदर्शनकारियों ने रोकी ट्रेन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** किसानों ने सोमवार को भारत बंद किया। इसका असर भी सामने आने लगा है। किसानों के भारत बंद के कारण दिल्ली, यूपी और पंजाब समेत कई राज्यों में यातायात प्रभावित हो गया है। किसानों ने कई जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। हाईवे को भी जाम कर दिया गया। पंजाब, हरियाणा, यूपी, बिहार में कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की भी खबरें आई हैं। ट्रैफिक पर भारी जाम लगा हुआ है। इसके अलावा रेलवे ने कई ट्रेनें रद कर दी हैं। इस कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**कोलकाता में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन रोकी-** कोलकाता में केंद्र सरकार के तीन कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ किसानों की भारत बंद की हड़ताल का समर्थन करने के लिए वाम मोर्चा और भाकपा (माले) मुक्ति समर्थकों ने कोलकाता में एक रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया।

**पंजाब में रेलवे ट्रैक पर किसान-** रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान किसानों ने दिल्ली-जम्मू रेल मार्ग से पठानकोट रेलवे कैंट स्टेशन के पास रेलवे क्रासिंग के बीचोंबीच ट्रैक्टर खड़े कर दिए हैं। जम्मू-जालंधर बाईपास और पंजाब-हिमाचल सीमा स्थित डमटाल में बड़े-बड़े ट्राले खड़े कर नेशनल हाईवे को भी जाम कर दिया गया है। माधोपुर में इंटरस्टेट नाके से आधा किलोमीटर पहले ही किसानों ने पंजाब-जम्मू-कश्मीर नेशनल हाईवे-44 जाम कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की ओर से संगरूर की 16 सड़कों और रेलवे ट्रैक पर धरने दिए जा रहे हैं। पटियाला बठिंडा मुख्य मार्ग जाम कर दिया गया है।



**रेलवे ने 18 से अधिक ट्रेनों को किया कैंसिल-** किसानों के भारत बंद के चलते रेलवे ने लगभग 18 से अधिक ट्रेनों को रद्द किया गया है। फिरोजपुर से लुधियाना, जालंधर, भटिंडा और अमृतसर से पठानकोट-जालंधर जाने वाली ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके अलावा अमृतसर से फाजिल्का को जाने वाली सभी ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं।

**25 से अधिक ट्रेनें प्रभावित-** उत्तर रेलवे ने जानकारी देते हुए कहा है कि दिल्ली, अंबाला और फिरोजपुर मंडलों में रेल परिचालन प्रभावित है क्योंकि किसान रेल की पटरियों पर बैठे हैं। दिल्ली संभाग में 20 से ज्यादा जगहों पर जाम है। अंबाला और फिरोजपुर मंडल में करीब 25 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

किसानों के भारत बंद के कारण दिल्ली, यूपी और पंजाब में यातायात प्रभावित हो गया है। केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ पूरे देश में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किए गए भारत बंद का असर दिखने लगा है। संयुक्त किसान मोर्चा के आज भारत बंद के ऐलान के चलते नोएडा में डीएनडी पर गाड़ियों की लंबी लाइन लगी है। गुरुग्राम हाईवे पर भी कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लगी है। इसके अलावा गाजीपुर बार्डर पर किसानों ने एनएच-9 और एनएच-24 पूरी तरह से जाम कर दिया। दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर यातायात सेवा ठप है। किसानों के बुलाए भारत बंद की वजह से सुबह-सुबह गुरुग्राम-दिल्ली बार्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

**सिंघु बार्डर पर हुई एक किसान की मौत-** इस दौरान दिल्ली से सटी सीमाओं जैसे-गाजीपुर, सिंघु, शंभू बार्डर पर किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगहों पर रोड जाम किया गया है। इसकी वजह से ट्रैफिक डायवर्ट भी किया गया है। इसके अलावा कई राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। किसान इस दौरान इंमरजेसी सेवा को छोड़कर सभी चीजों को बंद करेंगे। भारत बंद को लेकर ये तय किया गया है कि इस दौरान किसान रास्तों और हाईवे पर धरना देंगे। सरकारी दफ्तरों के सामने प्रदर्शन होगा। भारत बंद की वजह से दिल्ली में कई रास्तों का बंद किया गया है तो कई जगह रूट डायवर्ट किया गया है। किसानों के भारत बंद के दौरान दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बार्डर पर एक किसान की मौत हो गई है। हालांकि, दिल्ली पुलिस का कहना है कि किसान की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लद्दाख बॉर्डर पर नहीं बाज आ रहा चीन, आठ जगह फिर ताने तंबू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीन की चालबाजियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख बॉर्डर पर उसने एक बार फिर नए तंबू तानना शुरू कर दिया है। खुफिया रिपोर्ट के अनुसार चीन ने आठ जगह टैंट लगा दिए हैं और बंकर बनाने का काम जारी है। लद्दाख में बीते करीब डेढ़ साल से गतिरोध कायम है। खुफिया सूत्रों के हवाले से आई रिपोर्टों में कहा गया है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने उत्तर में काराकोरम दर्रे के पास वहाब, जिल्गा, पीयु, हॉट स्प्रिंग्स, चांग ला, ताशिगांग, मांजा और चुरुप तक सैनिकों के लिए तंबू लगाए हैं। चीनी सेना के लिए नए कैंप मौजूदा कैंपों के अलावा बनाए गए हैं। इससे उसकी मंशा को समझा जा सकता है कि वह यह इलाका छोड़ना नहीं चाहता है। हालांकि सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता के कई दौर हो चुके हैं। इसके चलते कई स्थानों से दोनों देशों ने अपनी सेनाएं वापस बुलाई हैं, लेकिन मौजूदा टकराव से पहले की स्थिति अब भी बहाल नहीं हुई है। बता दें, पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर तनाव पैदा होने पर दोनों देशों ने 50-50 हजार सैनिक तैनात कर दिए थे।

### गहरे दबाव में कमजोर पड़ा चक्रवाती तूफान गुलाब

**हैदराबाद (आरएनएस)।** चक्रवाती तूफान गुलाब सोमवार को आखिर छह घंटों के दौरान 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तरी आंध्र प्रदेश और उसके सटे दक्षिणी ओडिशा की ओर बढ़ा और आज तड़के 2.30बजे यह गहरे दबाव में कमजोर पड़ गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने आज तड़के दी। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान आज तड़के 2.30 बजे उत्तरी आंध्र प्रदेश और उससे सटे दक्षिण ओडिशा में 18.4 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 83.0 डिग्री पूर्वी देशांतर में गोपालपुर (ओडिशा) से लगभग 220 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण, जगदलपुर (छ.ग.) से 130 किमी पूर्व-दक्षिण और कलिंगपट्टनम (आंध्र प्रदेश) से 120 किमी पश्चिम में स्थित था। मौसम विभाग ने बताया कि इसके पश्चिमोत्तर की ओर बढ़ने और अगले 6 घंटों के दौरान गहरे दबाव कमजोर पकड़े के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और दक्षिण तेलंगाना में अधिकांश स्थानों पर आज हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने और छिटपुट स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं।

### ओवैसी की सभा में अनुमति से अधिक भीड़ पर हुआ मामला दर्ज

**प्रयागराज (आरएनएस)।** आल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की यहां हुई आमसभा में अनुमति से अधिक भीड़ इकठ्ठा होने पर आयोजक के खिलाफ करेली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अटाला स्थित मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर शनिवार को एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की आमसभा आयोजित की गयी थी। प्रशासन ने सभा के लिए 100 लोगों की अनुमति प्रदान किया था। लेकिन मैदान पर इससे कई गुना अधिक भीड़ इकठ्ठा हुई थी। उन्होने बताया कि पुलिश अधिकारियों ने वीडियो रिकार्डिंग देखने के बाद कार्यक्रम के आयोजक शाह आलम और अन्य लोगों के खिलाफ करेली थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

## आयकर विभाग ने महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आयकर विभाग ने महाराष्ट्र के जालना में स्थित चार प्रमुख स्टील रोलिंग मिलों के एक समूह पर 23.09.2021 को तलाशी और जब्ती अभियान शुरू किया। ये कंपनियां स्टील टीएमटी बार और बिलेट के निर्माण के कारोबार से संबंधित हैं, जो अधिकतर कच्चे माल के रूप में स्टील स्क्रैप का उपयोग करती हैं। यह अभियान जालना, औरंगाबाद, पुणे, मुंबई और कोलकाता में 32 से अधिक परिसरों में चलाया गया।

आयकर विभाग के इस तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान, अनेक आपत्तिजनक दस्तावेज, अनियमित शीट्स और अन्य डिजिटल दस्तावजों का पता लगाकर उन्हें जब्त किया गया। ये सबूत स्पष्ट रूप नियमित खाता-दस्तावज़ों से बाहर बड़े पैमाने पर किए गये बेहिसाब वित्तीय लेन-देन में कंपनियों की भागीदारी को दर्शाते हैं, जिनमें प्रवेश प्रदाताओं का इस्तेमाल कर खरीद प्रक्रिया को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाना, बेहिसाब नकदी व्यय और निवेश आदि शामिल हैं। बरामद किये गये दस्तावेज़ों से पर्याप्त मात्रा में धन शोधन का भी पता चलता है जो शेल कंपनियों का उपयोग करके शेयर प्रीमियम और असुरक्षित ऋण की आड़ में अर्जित किया गया है। इस दौरान 200 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब खरीदारी के सबूत भी मिले है। कंपनियों के फैक्ट्री परिसर से भी बेहिसाब स्टॉक का पता चला है।

## प्रॉपर्टी के लिए अपने ही परिवार के 5 लोगों की हत्या

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश गाजियाबाद जिले के मुरादनगर में एक युवक द्वारा प्रॉपर्टी के लिए अपने ही परिवार के 5 लोगों की हत्या करने का मामला सामने आया है। इस किलर ने 20 सालों में अपने ही परिवार के 5 लोगों की हत्या बड़े ही शातिर तरीके से की। इन हत्याओं के बारे में किसी को भनक तक नहीं लगी। 3 लोगों की हत्या उसने अपने हाथों से की जबकि 2 लोगों को सुपारी देकर मरवाया।

जानकारी के मुताबिक ये मामला उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले का है, यहां मुरादनगर के



गांव बसंतपुर सैंथली के रहने वाले किसान लीलू त्यागी पर अपने ही परिवार के 5 लोगों ही हत्या का आरोप लगा है। शातिर किसान ने 20 साल में एक-एक करके 5 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। उसने एक रिटायर्ड दारोगा सुरेंद्र त्यागी को 4 लाख रुपये सुपारी देकर अपने भाई की हत्या के लिए राजी किया। इस दौरान पुलिस ने 5वीं हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी के कारनामे उजागर किए ।पुलिस ने आरोपी लीलू, सुरेंद्र और सुपारी किलर राहुल को गिरफ्तार कर लिया है।

**ये थी हत्या की वजह-** 48 साल के आरोपी लीलू ने गुनाह कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि ये सब उसने अपने इकलौते बेटे की खातिर किया है ताकि सारी प्रॉपर्टी उसके बेटे को मिल जाए।इसलिए उसने अपने दोनों भाइयों के 4 बच्चों समेत एक भाई सुधीर को अपने रास्ते से हटा दिया। जिसके बाद उसने मृतक भाई की पत्नी से शादी कर ली। जब दोनों का बेटा हुआ तो आरोपी ने सोच लिया कि सारी प्रॉपर्टी वो अपने बेटे को दिलाएगा। उसका अगला निशाना दूसरा भाई ब्रजेश था। अगर वो अपने इस मकसद में भी कामयाब हो जाता तो पूरी प्रॉपर्टी पर केवल उसका और उसके बेटे का हक हो जाता।

**ऐसे दिया वारदातों को अंजाम-** आरोपी ने सबसे पहले 2001 में अपने बड़े भाई की हत्या 1 लाख रुपये सुपारी देकर कराई और शव नदी में फेंक दिया. उसने घर वालों से कहा कि वो उसका भाई गुस्सा होकर कहीं चला गया है।

## ताशकंत में विश्वस्तरीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुलेगा

» 21 वीं सदी में भारत और उज़्बेकिस्तान द्विपक्षीय सहयोग में तेजी आयेगी : रूपला

» ताशकंत में अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा : दिलशोद आशातोव

» रणधीर कपूर ने किया गिटार एल्बम सिंगिंग स्ट्रिंग्स ऑफ विभोर सैनी का लोकार्पण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपला ने कहा की 21 वीं सदी में भारत और उज़्बेकिस्तान मिलकर विकास के पथ पर अग्रसर होंगे। जल्द ही तशाकांत में विश्वस्तरीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खोला जायेगा। यह हमारे मैत्री



सहयोग के बढ़ते कदम है। सरस्वती म्यूजिक कॉलेज द्वारा सोमवार को ग्रीन पार्क दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस में उक्त घोषणा की। सरस्वती म्यूजिक कॉलेज द्वारा तशकांत और होशंगाबाद में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खोला जायेगा।

इस मौके पर उज़्बेकिस्तान के भारत में राजदूत दिलसोद अशातोव, फिल्म अभिनेता रणधीर कपूर, फिल्म निदेशक राहुल रवैल, सरस्वती म्यूजिक कॉलेज सोसायटी के अध्यक्ष बी आर सैनी, तशाकांत के उद्योगपति डा. एलिशर जब्बरोव, विभोर सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मंत्री श्री रूपला ने कहा की भारत और उज़्बेकिस्तान में सदियों पुरानी मित्रता है।भौगोलिक ही नहीं संस्कृति और सभ्यताओं के बीच घनिष्ठता है। केंद्रीय मंत्री श्री रूपला ने श्री बीआर सैनी को बधाई दी की उन्होंने निरंतर प्रयास कर ताशकंत में विश्वस्तरीय हॉस्पिटल खोल रहें है। इससे भारत और उज़्बेकिस्तान के द्विपक्षीय सहयोग में और वृद्धि होगी। इस मौके पर उज़्बेकिस्तान के भारत में राजदूत श्री जब्बारोव ने कहा की ताशकंत में अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। इसमें भारतीय फिल्म उद्योग की फिल्मों का विशेष रूप से प्रदर्शन होगा। भारतीय संस्कृति और फिल्मों को उज़्बेकिस्तान के लोग बहुत पसंद करते है फिल्म और गाने विशेष रूप से राजकपूर, मिथुन चक्रवर्ती बहुत लोकप्रिय है।

इस मौके पर चर्चित अभिनेता रणधीर कपूर ने गिटार एल्बम सिंगिंग स्ट्रिंग्स ऑफ विभोर सैनी का लोकार्पण किया।इसे टी सीरीज कंपनी की है जिसमे विभोर सैनी ने अपने गिटार से मनमोह लिया है।

इस मौके पर विपुल सैनी की उर्दू कविता की पुस्तक उड़ता फिरे है का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष बीआर सैनी ने कहा की ताशकंत में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खोलकर मध्य एशिया में चिकित्सीय सुविधा अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शर्मिष्ठा मुखर्जी ने राजनीति से लिया संन्यास

» कांग्रेस से टूटा प्रणब मुखर्जी के परिवार का नाता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी और कांग्रेस नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी है। इसी के साथ वह मुखर्जी परिवार की आखिरी सदस्य हैं जिन्होंने कांग्रेस पार्टी से दूरी बना ली है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता नहीं छोड़ रही हैं। बता दें कि इससे पहले प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी भी कांग्रेस छोड़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। शर्मिष्ठा ने एक ट्विटर यूजर को जवाब देते हुए अपने संन्यास की घोषणा की। शर्मिष्ठा ने लिखा कि बहुत शुक्रिया, लेकिन मैं अब पॉलिटिशियन नहीं हूं। मैंने राजनीति छोड़ दी है। मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्य बनी रहूंगी लेकिन अब सक्रिय राजनीति नहीं करूंगी। देश की सेवा कई तरीकों से की जा सकती है। एक अन्य यूजर के ट्वीट पर शर्मिष्ठा ने जवाब दिया कि मैंने बचपन से ही पर्याप्त सत्ता देखी है। मुझे यह लुभाता नहीं है। मैं एक शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहती हूं और ऐसी चीजें करना चाहती हूं जो मेरे स्वभाव के अनुकूल हो। इसी साल जुलाई माह में शर्मिष्ठा के भाई और प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव और प्रणब मुखर्जी की साली सुब्रा घोष भी अगस्त माह में टीएमसी में शामिल हो गई थीं।

## लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने एनसीसी के महानिदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने आज राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 34वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह को 1987 में पैराशूट रेजिमेंट में कमीशन प्रदान किया गया था। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला, भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून और एनसीसी के पूर्व छात्र होने के साथ-साथ उन्होंने वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, महू में हायर कमांड कोर्स और नई दिल्ली में नेशनल डिफेंस कॉलेज कोर्स में भाग लिया।



लेफ्टिनेंट जनरल सिंह नगालैंड और सियाचिन ग्लेशियर में आतंकवाद विरोधी वातावरण में कंपनी कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने कश्मीर में वैली सेक्टर के गहन आतंकवाद विरोधी माहौल में और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में एक स्पेशल फोर्सेज़ बटालियन की कमान संभाली है। उन्होंने नियंत्रण रेखा पर माउंटेन ब्रिगेड और इन्फैंट्री डिवीजन की कमान संभाली है।

जनरल ऑफिसर सेक्टर मुख्यालय राष्ट्रीय राइफल्स में जनरल स्टाफ ऑफिसर (ऑपरेशन्स) के पद पर भी रहे हैं। उनका सैन्य अभियान निदेशालय और मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ दोनों में रहे हैं। इसके अलावा वह कमांडो स्कूल और भारतीय सैन्य प्रशिक्षण टीम में प्रशिक्षक रहे हैं।

## आयुष्मान भारत ने लाखों लोगों को बचाया : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को लॉन्च किया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन विश्वसनीय आंकड़े प्रदान करेगा, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा और उनके खर्च भी कम होंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीन साल पहले शुरू हुए इस अभियान ने भारत के स्वास्थ्य ढांचे में क्रातिकारी बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्यायन की जयंती पर तीन साल पहले इस मिशन की शुरुआत की गई थी और इसने लाखों लोगों




के गरीबी के दलदल में फंसने से बचाया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया मिशन की ही देन है कि अब तक देश में 90 करोड़ कोरोना टीके लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के अडवांस देशों ने भी तकनीक का इस तरह से इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इससे हेल्थ सेक्टर के सभी लोग एक ही प्लेटफॉर्म पर आ सकेंगे। इसके अलावा कोई भी मरीज आसानी से एक डॉक्टर से कनेक्ट हो सकेगा। इस दौरान उन्होंने हेल्थ सेक्टर और टूरिज्म के बीच भी संबंध बताया। उन्होंने कहा कि आज वर्ल्ड टूरिज्म डे भी है। आप लोग हैरान होंगे कि आखिर इन दोनों के बीच क्या संबंध हो सकता है। लेकिन ऐसा है। क्या कोई टूरिस्ट ऐसी जगह पर जाना पसंद करेगा, जहां इमरजेंसी हेल्थ सर्विसेज का अभाव हो।

उन्होंने कहा कि फिलहाल भारत में जिस तरह का डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर है। आज देश में 130 करोड़ आधार यूजर हैं। 118 करोड़ मोबाइल यूजर्स हैं और 43 करोड़ लोगों के जनधन खाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में फ्री वैक्सीन मूवमेंट के तहत 90 करोड़ डोज दी गई हैं। टीका लगवाने वालों को सर्टिफिकेट भी जारी किए गए हैं। हमें इसका क्रेडिट कोविन को भी देना होगा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन भारत में लोगों को मेडिकल ट्रीटमेंट में आ रही समस्याओं से राहत देगा। इससे गरीबों और मिडिल क्लास के लोगों को मदद मिलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राशन से प्रशासन तक यूपीआई हर आम आदमी तक पहुंच रहा है।